प्राप्त ही पर्याप्त है की आवश्यकता

शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को स्वाध्याय एवं सामूहिक जीवन के लिए सक्षम बनाना, विवि में संगोष्ठी

नवभारत न्यूज

सागर 8 जनवरी. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के तत्वावधान में उच्च शिक्षा में सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिता राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन हुआ.

स्वागत उद्बोधन में शिक्षा अध्ययनशाला के अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार जैन ने दिया. समन्वयक डॉ. योगेश पाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में सामाजिक उत्तरदायित्व, सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा सामुदायिक सहभागिता आज की अनिवार्य आवश्यकता हैं, जिनसे श्रेष्ठ नागरिक निर्माण एवं सामुदायिक समृद्धि संभव है. मुख्य अतिथि प्रो. चांद किरण सलूजा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को स्वाध्याय एवं सामूहिक जीवन के लिए सक्षम बनाना है. विशिष्ट अतिथि प्रो. रमेश प्रसाद पाठक ने कहा कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत समृद्धि के लिए नहीं, बल्कि वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को सुदृढ़ करने के लिए होनी चाहिए. प्रो. कौशल किशोर शर्मा एवं प्रो. आर. पी. पाठक ने भी उच्च शिक्षा की सामाजिक भूमिका, सामुदायिक सहभागिता तथा नीति-आधारित शैक्षिक सुधारों पर अपने विचार व्यक्त किए. कुलसचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय ने कहा कि संगोष्ठी उच्च शिक्षा को सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध होने वाली है.

अध्यक्षीय भाषण में कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने कहा कि 'प्राप्त ही पर्याप्त है की भावना, स्वच्छता और सामुदायिक दायित्व आज के समय की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि संवाद का कोई विकल्प नहीं है तथा अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ सामुदायिक जीवन कौशल और उनकी उपयोगिता को ध्यान में रखकर ही योग्यता का निर्धारण किया जाना चाहिए. संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. योगेश पाल ने बताया कि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्वान एवं सामाजिक चिंतक मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे.

राष्ट्रीय मंत्री गुर्जर आज सागर प्रवास पर रहेंगी

सागर. भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर 9 जनवरी शुक्रवार को एक दिवसीय सागर प्रवास पर रहेंगी. जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर 9 जनवरी को दोपहर 3 बजे सागर पहुंचेंगी. सागर प्रवास के दौरान अल्का गुर्जर सागर विधानसभा के विभिन्न शक्ति केंद्रों की सांगठनात्मक बैठक को संबोधित करेंगी एवं धर्म श्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगी. राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर के आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी के साथ पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्तृता बहेरिया तिराहा पर बुंदेली परंपरा से उनका स्वागत करेंगे.

सीएम के संभावित आगमन की तैयारियां

पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक के साथ कमिश्नर और आईजी ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

खुरई 8 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संभावित खुरई आगमन को लेकर पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेंद्र सिंह के साथ संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, आईजी हिमानी खन्ना, कलेक्टर संदीप जी.आर.एवं एसपी विकास शाहवाल ने अधिकारियों के साथ प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा दिशा-निर्देश दिए.

संभाग कमिश्नर श्री सुचारी ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए एवं सभा स्थल पर आने वाले व्यक्तियों को कम से कम चलना पड़े इसकी विशेष व्यवस्था की जावे. उन्होंने कहा कि हेलीपैड कार्यक्रम स्थल एवं रोड शो के दौरान एंबुलेंस डॉक्टर मौजूद रहे एवं सभी जगह फायर ब्रिगेड की भी तैनाती की जावे. उन्होंने कहा कि पार्किंग में भी सभी मूलभूत सुविधाएं मौजूद रहे. उन्होंने कहा कि मौसम को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे. उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थल, हेलीपैड पर भी सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिसमें पेयजल, शौचालय, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाएं समय के पूर्व की जाए.

उन्होंने कहा कि हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक सड़क मार्ग को आवागमन की दृष्टि से साथ रखें एवं कार्यक्रम स्थल पर सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से निगरानी भी की जावे. आईजी श्रीमती खन्ना ने निर्देश दिए कि रोड शो के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल एवं रास्ता पार्टी की मौजूदगी सुनिश्चित की जावे एवं संपूर्ण रोड शो में ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जावे सांस में सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी लगातार संपूर्ण कार्यक्रम की निगरानी रखें. रोड शो में बाधक बन रहे अस्थाई निर्माण को तत्काल हटाए उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत लाइनों को भी चेक करें.

एक नजर में

औद्योगिक क्षेत्र में रसायन शास्त्र की भूमिका

सागर. शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नवीन भवन में प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी के संरक्षण में रसायनशास्त्र विभाग में एनालिटिकल टूल्स एंड टेकनिक्स फॉर केमिकल इंडस्ट्रीस विषय पर सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ हुआ. सर्वप्रथम कोर्स समन्वयक डॉ. संतोष नारायण चढ़ार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की. डॉ. अभिलाषा दुर्गवंशी ने औद्योगिक इकाइयों में विभिन्न रासायनिक तकनीक स्पेक्ट्रोस्कॉपी, क्रोमैटोग्राफी की उपयोगिता पर वक्तव्य प्रस्तुत किया. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन में रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है. संचालन नीरज बलाही, आभार डॉ. ए. एच. अंसारी ने माना.

पुनर्वासन कॉलोनी में व्यवस्थाओं की बैठक

बंडा. भूअर्जन हेतु निर्धारित पुनर्वासन कालोनी में समस्त व्यवस्थाओं के लिए सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली गयी एवं स्कूल, आंगनवाड़ी, हॉस्पिटल, राशन दुकान संचालन हेतु तैयारी करने एवं उनके विभागीय कार्यों हेतु तैयार भवनों को हैंडओवर लेने हेतु निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए. प्रभावित व्यक्तियों के शिफ्ट होने पर सुगमता से पेयजल सप्लाई/कनेक्शन हेतु जल निगम, पीएचई, पंचायत को एवं सुलभ ढंग से बिजली कनेक्शन हेतु विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया.

कच्ची शराब एवं महुआ लहान जब्त

शाहगढ़. सहायक जिला आबकारी अधिकारी अशोक दवे के नेतृत्व में बंडा क्षेत्रांतर्गत सामूहिक रूप से आबकारी विभाग द्वारा कच्ची मदिरा निर्माण के अवैध अड्डों पर कार्यवाही की गई. जिसमें 4 विभिन्न स्थलों में हीरापुर से तिगोड़ा के मध्य जंगल से 21 लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची मदिरा एवं 450 किलो महुआ लहान, ग्राम अमरमऊ में 51 कुप्पो में लगभग 510 किलो महुआ लहान, ग्राम अमरमऊ नहर किनारे से लगभग 300 किलो महुआ लहान, वार्ड क्रमांक 15 - 340 कुप्पो में लगभग 3400 किलो महुआ लहान बरामद कर कब्जा ए आबकारी लिया जाकर प्रकरण कायम कर विवेचना मे लिया गया. लहान का सैंपल लिया जाकर शेष लहान नष्ट किया गया. कुल जप्त मदिरा एवं महुआ लहान की कुल अनुमानित मूल्य 4,70,200/- आंकी गई.

मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता पर कार्यशाला

बीना. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. आयोजन प्राचार्य डॉ रेखा बरेठिया के मार्गदर्शन में किया गया. उदय भान पटेल ने कहा कि मानव जीवन अमूल्य है, विद्यार्थी जीवन में कभी भी निराश ना हो. प्रो. डॉ. एम एल सोनी ने कहा कि विद्यार्थी मानसिक स्वास्थ्य के प्रति हमेशा जागरूक रहें तथा जीवन में तनाव मुक्त रहने के लिए किसी न किसी रचनात्मक कार्य से जुड़ें. डॉ राजेश सप्रे ने कहा विद्यार्थी तनाव से दूर रहने के लिए जीवन में कुछ नया सीखते रहें. इस दौरान गौरव नैलवाल, उमेश यादव, रफीक शेख, सुमित मिश्रा, डॉ वंदना चौबे, डॉ चेतना शर्मा,एसके पंथी, डॉ गजेंद्र पाठक,जितेंद्र खांडेराव, प्रदीप चौधरी, संतोष सोनी मौजूद थे.

लापरवाह पटवारी का निलंबन

नवभारत न्यूज

सागर 8 जनवरी. कलेक्टर संदीप जी.आर ने कार्यवाही करते हुए प्रकारणों को लंबित रखने, समय सीमा में कार्य न करने एवं हल्का में समय से उपस्थित न होने पर पटवारी सुनील सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया.

कलेक्टर द्वारा प्रशासन के बेहतर संचालन एवं प्रशासन तक आमजन की सुलभ पहुंच हेतु आपका प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया गया हैं जिसके तहत विकासखंड स्तर पर जनसुनवाई की जा रही है.

जनसुनवाई शिविर केसली में कलेक्टर संदीप जी.आर के समक्ष ग्राम ढेंचुआ के कृषकों द्वारा पट्टे में प्राप्त भूमि के नक्शा तरमीम, सीमांकन, कब्जों के संबंध में शिकायतें एवं पटवारी हल्के में समय से उपस्थित न होने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसके संबंध में संबंधित पटवारी सुनील सोनी द्वारा समक्ष में संतोषजनक जबाव प्रस्तुत नहीं किया गया, जिस पर पटवारी सुनील सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया.

रक्तदान शिविर में 42 यूनिट रक्त एकत्रित

नवभारत न्यूज

रहली 8 जनवरी. आईएमए सागर एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में कुल 42 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ.

आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद, मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. जितेन्द्र सराफ, बीएमओ डॉ. बसंत नेमा ने रक्तदान कर समाज के लिए सकारात्मक संदेश दिया. इस अवसर पर डॉ. सराफ ने बताया कि रक्तदान शल्य चिकित्सा, सड़क दुर्घटनाओं, कैंसर और एनीमिया जैसी दीर्घकालिक बीमारियों में जीवनरक्षक साबित होता है. आईएमए अध्यक्ष डॉ. साद ने कहा कि रक्तदान से न केवल मरीजों को जीवन मिलता है, बल्कि रक्तदाताओं को भी कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं. पूर्व सीएमएचओ डॉ. आईएस ठाकुर ने कहा कि रक्त का कृत्रिम निर्माण संभव नहीं है, इसलिए नियमित रक्तदान से ही अस्पतालों में जरूरत के समय पर्याप्त रक्त उपलब्ध हो पाता है. कार्यक्रम में डॉ. संदीप असाटी, डॉ. अमन प्रजापति, विवेक गुप्ता, प्रवीण सोनी, अनुराग चौरसिया, श्रीराम अहिरवार मौजूद थे.

ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त

सागर. स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता 2025-26 में नगर निगम की सहभागिता को और अधिक प्रभावी एवं जनभागीदारी से परिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में सक्रिय नागरिकों को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है. जिनमें इंजी. प्रकाश चौबे, डॉ. मनीष जैन, इंजी. गोविंद राय, मनीष बोहरे, महेश तिवारी शामिल हैं.

मातृ, शिशु मृत्यु दर रोकने हर संभव प्रयास करें

नवभारत न्यूज

सागर 8 जनवरी. गर्भवती माताओं का शत प्रतिशत पंजीयन न होने पर सख्त कार्रवाई होगी, मातृ, शिशु मृत्यु रोकने हर संभव प्रयास करें एवं गर्भवती माताओं की स्किल सेल जांच लगातार की जाए साथ ही जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित की जाए.

उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने संभाग की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिए. श्री सुचारी ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गर्भवती माता का शत प्रतिशत पंजीयन किया जाए एवं उनकी सभी जांच गाइडलाइन के अनुसार की जावे साथ में सभी गर्भवती माता की सिकल सेल की जांच भी की जाए और आवश्यकता पड़ने पर उनका उपचार भी किया जाए. उन्होंने कहा कि सभी गर्भवती माता को खून बढ़ाने की दवाइयां वितरित की जावे. श्री सुचारी ने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं साथ में प्रत्येक माह जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर मॉनिटर करें.

संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय के साथ कार्य करें एवं कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केंद्र में 14 दिन ऑब्जर्वेशन में रखकर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराएं. इसी प्रकार कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को 12 फॉलो अप चेकअप भी कराए एवं उनके सुपोषित होने तक लगातार उनकी मॉनिटरिंग करें. उन्होंने निर्देश दिए कि संजीवनी विद्यालयों में गर्भवती माता को शासन की निर्देश अनुसार चेकअप की विशेष व्यवस्थाएं की जावे. उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि जो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी कार्य में प्रगति नहीं ला रहे हैं उनकी दो-दो वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकी जावे.

मेगा ट्रेड फेयर कल से

सागर. होटल एंड रेस्टॉरेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मेगा ट्रेड फेयर 2.0- 2026 का आयोजन 10, 11, 12 एवं 13 जनवरी को किया गया है. जहां होटल इंडस्ट्री से जुड़े तमाम लोग एक ही छत के नीचे जुटेंगे. एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि फेयर में कुल 100 से ज्यादा एक्जीबिटर्स हैं. एसोसिएशन के अध्यक्ष वसंत घोड़ावत, सचिव तनप्रीत सिंह छाबड़ा, ट्रेजरार विनीत गोकलानी, सह सचिव उपनीत छाबड़ा, इवेंट चेयर पर्सन संदीप विजन, वरिष्ठ सदस्यों कमल ग्रोवर, अमित जसूजा, नितिन चंडोक, संजय जैन आदि ने सहभागिता की अपील की है.

जनपद में नहीं मिले कर्मचारी

नवभारत न्यूज

बीना 8 जनवरी. जनपद पंचायत कार्यालय बीना में विधायक निर्मला सप्रे ने निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था की वास्तविक स्थिति सामने लाई.

कार्यालय का समय सुबह 10 बजे निर्धारित होने के बावजूद जब विधायक करीब 11 बजे कार्यालय पहुँचीं, तब कुल 24 कर्मचारियों में से जनपद पंचायत के सीईओ प्रदीप पाल सहित केवल 5 कर्मचारी ही उपस्थित पाए गए. इस लापरवाही पर विधायक ने नाराजगी जताई और उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया.

निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों-कर्मचारियों से सीधे संवाद कर उनके विभागीय कार्यों की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि कार्यालय समय का पालन न करना अनुशासनहीनता है और इसका सीधा असर आम जनता को मिलने वाली सेवाओं पर पड़ता है. विधायक ने जपं सीओ प्रदीप पाल को निर्देश दिए कि सभी अनुपस्थित एवं समय पर नहीं आने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा. विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन प्रकरण, निर्माण शाखा सहित अन्य विभागों की समीक्षा भी की.

केंद्र सरकार का बुंदेलखंड के साथ सदैव भेदभाव का व्यवहार

नवभारत न्यूज

सागर 8 जनवरी. सर्वदलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा के संरक्षक रघु ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने बुंदेलखंड के साथ सदैव भेदभाव का व्यवहार किया है. श्री ठाकुर सागर प्रवास के दौरान पत्रकारो से चर्चा कर रहे थे.

उन्होने कहा कि मोर्चा आगामी 13 फरवरी को नई दिल्ली मे एक दिवसीय धरना करने जा रहा है. धरने में बुंदेलखंड की लंबित समस्याओ को लेकर भारत सरकार को ज्ञापन दिया जावेगा. छह रेल लाइन 11 वर्ष से स्वीकृत है परंतु भारत सरकार ने सदैव बुंदेलखंड के साथ भेदभाव का व्यवहार किया है, कार्य शुरू करने राशि आवंटित नहो की गई है. भारत सरकार ने अहमदाबाद से मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन चलाने के लिए 85 करोड़ रुपए खर्च कर दिए गए है जबकि अभी भी बीस प्रतिशत कार्य शेष है. जापान से कर्ज लेकर 23 हजार करोड़ रुपए ब्याज गुजरात की तरक्की और सुविधा के लिए देने के लिए तैयार है, परंतु रेल लाइन के लिए 10 हजार करोड़ रुपए देने के लिए तैयार नही है. उन्होने कहा कि डॉ. सर हरीसिंह गौर और मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न देने की मांग बुंदेलखंड वासी करते आ रहे है परंतु यह दुर्भाग्य है, राजनीति के गूंगेपन का पर्याय है कि डॉक्टर गौर को भारत रत्न नही मिल सका और मेजर ध्यान चंद को खेल रत्न दिया गया. क्षेत्र में पर्यटन को लेकर भी लगातार मांग उठती रही है.

कूचबिहार ट्रॉफी आज

सागर. बीसीसीआई कूचबिहार ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले का आयोजन करने जा रही है. यह चार दिवसीय सेमीफाइनल मुकाबला 9 जनवरी से 12 जनवरी तक मध्य प्रदेश बनाम तमिलनाडु के मध्य खेला जाएगा. यह मुकाबला उच्च स्तरीय जूनियर क्रिकेट को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ सागर शहर को राष्ट्रीय क्रिकेट मंच पर पहचान दिलाएगा. सेमीफाइनल मैच के लिए मैच रेफरी विल्किन मोटा, तथा अंपायर के रूप में रवि तेजा एवं पी. जयपाल सेवाएं देंगे. मैच का आयोजन चंदू सरवटे एमपीसीए क्रिकेट ग्राउंड में किया जाएगा. डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष प्रदीप लारिया, चेयरमैन प्रो. केएस पित्रे,उपाध्यक्ष रघुनंदन त्रिपाठी एवं सचिव पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में मैच आयोजित होगा.

बुंदेलखंड के मजदूरों को कर्नाटक में बेचा

स्थानीय प्रशासन ने कराया मुक्त, सागर के ठेकेदार ने महाराष्ट्र ले जाने के नाम पर किया धोखा

नवभारत न्यूज

ललितपुर 8 जनवरी. मड़ावरा अंतर्गत मप्र के बॉर्डर एरिया से लगे ग्राम पापड़ा और सौल्दा गांव से जिले का एक ठेकेदार लोगों को मजदूरी के नाम पर अधिक रुपये दिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया. मजदूरों को महाराष्ट्र के नागपुर ले जाने की बात तय करते हुये ठेकेदार ने मजदूरों को कर्नाटक ले जाकर साढ़े चार लाख रुपये में बेच दिया. यह बात प्रशासन के प्रयास से बंधन मुक्त कराकर ललितपुर वापस लाये गये मजदूरों ने बतायी.

प्रशासन ने कर्नाटक में बंधक बनाकर रखे गए 17 मजदूरों और 20 बच्चों समेत 37 लोगों को मुक्त कराया है.

सभी को ललितपुर लाया गया, जहां पीड़ितों ने आपबीती सुनाई. मजदूरों ने बताया कि उनसे जबरन 12 से 13 घंटे तक काम कराया जाता था और मजदूरी के नाम पर केवल आटा और मामूली पैसे दिए जाते थे. मुक्त कराए गए बच्चों में 14 वर्षीय ने बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ काम पर गई थी, ठेकेदार ने उससे भी मजदूरी कराई और रोजाना 12 घंटे काम कराया. सात दिन में एक परिवार को केवल पांच किलो आटा दिया जाता था, जो पर्याप्त नहीं था, जिसके कारण कई बार उसे भूखा रहना पड़ता था. 14 वर्षीय ने बताया कि वह भी परिजनों के साथ गया था और मना करने पर मारपीट की धमकी दी जाती थी. वहीं 11 वर्षीय ने बताया कि उनसे सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक काम कराया जाता था, शाम को उनसे ही ट्रक लोड कराया जाता था. मजदूर जीवन ने बताया कि सागर निवासी एक ठेकेदार जिसका नाम भाईजान बताया जा रहा है.

क्षेत्र के विकास को नई सौगातें मिलने की उम्मीद

नवभारत न्यूज

खुरई 8 जनवरी. खुरई में 10 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है.

युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि इस अवसर पर उनका स्वागत करना हम सभी खुरईवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से क्षेत्र को विकास की नई सौगातें मिलने की उम्मीद है. मुख्यमंत्री के प्रस्तावित खुरई आगमन को लेकर रथ सभा आयोजित व्यक्त किए. मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी हेतु आयोजित रथ सभा धांगर, तेवरी, खैरा, गंभीरिया बुजुर्ग, सिंगपुर, बलऊ, नगदा सहित विभिन्न ग्रामों से होकर निकाली गई, उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के अवसर पर इंडियन आइडल फेम गायिका अनन्या पाल द्वारा भजन एवं गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी. श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान खुरई विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण का भी प्रस्ताव है. इस अवसर पर राजपाल राजपूत, जमुना प्रसाद अहिरवार, राजू पालवाला, पुष्पेंद्र ठाकुर, राजा भाई ठाकुर, विकास पांडे, यशवंत ठाकुर, बलराम अहिरवार आदि मौजूद थे.

मंत्री को बर्खास्त करने की मांग

नवभारत न्यूज

सागर 8 जनवरी. इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई घटना तथा पत्रकार द्वारा पूछे गए सवालों पर अमर्यादित एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने वाले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदर्शन कर बर्खास्त करने की मांग की.

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरयावली के तत्वाधान में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरयावली के अध्यक्ष शिवपाल यादव की अगवाई में तीखा आक्रोश व्यक्त कर घण्टा बजाकर मंत्री, इंदौर महापौर व पार्षदों को बर्खास्त किए जाने की मांग उठाई. इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस सदर केंट अध्यक्ष रवि उमाहिया, युकां जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी, राजू पांडे, बृजभान सिंह ठाकुर, लक्ष्मण पटवा, सिकंदर तिवारी, पुष्पेंद्र सिंह मौजूद थे.

महिला के खाते से 34 हजार रुपये गायब हुए

ललितपुर. पुलिस चौकी नेहरू नगर अंतर्गत जुगपुरा रोड काली माता मंदिर के पास रहने वाली गोराबाई पत्नी बाबूलाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है. बताया कि वह सेन्ट्रल बैंक पैसा निकालने गयी थी, तो उसे पता चला कि उसके खाते में रुपये नहीं हैं, जबकि उसके खाते में 34 हजार रुपये था, जब उसने बैंक वालों से बात की तो जानकीर हुई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तीन बार 10 हजार रुपये निकाला गया तथा एक बार उसके खाते से 3848 रुपये निकाला गया, जिससे वह काफी परेशान है. पुलिस अधीक्षक से मामले में कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है.